# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 08.09.2025

## थाना सोरांव पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग से सम्बंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 कुल्हाड़ी (आलाकत्ल) बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सोरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-281/2025 धारा-103(1) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त लालजी उर्फ बहराइच यादव पुत्र छोटेलाल निवासी अहिवीपुर थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सोरांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.09.2025 को थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अहिवीपुर के पास से 01 कुल्हाड़ी (आलाकत्ल) के साथ गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत अहिवीपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र लालजी उर्फ बहराइच को दिनांक-07/08.09.2025 की रात्रि में उसके पिता अभियुक्त लालजी उर्फ बहराइच उपरोक्त द्वारा शराब के नशें में जमीन सम्बंधी विवाद के कारण कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बंध में मुकदमा वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना सोरांव पर मु0अ0सं0-281/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

लालजी उर्फ बहराइच यादव पुत्र छोटेलाल निवासी अहिवीपुर थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 55 वर्ष।

**सम्बंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-281/2025 धारा-103(1) भा0न्या0सं0 थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

01 कुल्हाड़ी (आलाकत्ल )

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 केशव वर्मा, थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 अभयचन्द, थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. हे0का0 शारदा प्रसाद यादव, थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. हे0का0 राजेन्द्र प्रसाद, थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।